फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री बंशी लाल गुर्जर निवासी 189, रामपुरिया कुंदवा, अम्बा खेड़ा, कुंदवा, तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा–अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 55/2023**

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 18.09.2023 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ से जरिये क्रमांक आरटीआई/2023/691–92 दिनांक 12.09.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना तैयार की जाकर कार्यालय हाजा के पत्रांक 79 दिनांक 19.01.2023 द्वारा प्रार्थी को नियमानुसार 04 पेज के रूपये 08 जरिये पोस्ट ऑर्डर/चालान जमा करा सूचना प्राप्त करने हेतु लिखा गया था प्रार्थी द्वारा आज दिनांक तक कोई शुल्क जमा नहीं कराने से प्रार्थी को सूचना नहीं दी गयी है। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार कार्यालय के पत्रांक 79 दिनांक 19.01.2023 से अपीलार्थी को नियमानुसार शुल्क जमा करवाकर सूचना प्राप्ति हेतु लिखा गया। अतः अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि नियमानुसार शुल्क जमा करवा वांछित सूचना प्राप्त करें। उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)